निबंधन संख्या पी0टी0-40

सत्यमेव जयते

बिहार गजट

असाधारण अंक

बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

9 श्रावण 1947 (श0)

(सं0 पटना 1294) पटना, वृहस्पतिवार, 31 जुलाई 2025

उद्योग विभाग

अधिसूचना

31 जुलाई 2025

सं० 05/ स०बियाडा (भू० ह0 मुंगेर)–19/2025––**3509**––मंत्रिपरिषद् की बैठक दिनांक 25.02.2025 के मद सं0–71 में दी गयी स्वीकृति के आलोक में प्रगति यात्रा के दौरान की गयी घोषणा के क्रम में मुंगेर जिला अन्तर्गत अंचल–संग्रामपुर के मौजा–ददरी, थाना सं0–307, खाता सं0–384, खेसरा सं0–223, गैरमजरूआ खास किस्म–परती कदीम, रकवा – 20 एकड़ एवं मौजा–पतघाघर, थाना सं0 –308, खाता संख्या–90, खेसरा सं0–20, गैरमजरूआ खास किस्म–टीला, रकवा–30 एकड़, कुल रकवा–50 एकड़ भूमि में औद्योगिक पार्क/ औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के ज्ञापांक–241 दिनांक–27.02.2025 द्वारा उद्योग विभाग, बिहार, पटना को निःशुल्क अंतर्विभागीय हस्तांतरण की स्वीकृति प्रदान की गयी।

2. विभागीय अधिसूचना संख्या–1587 दिनांक–28.03.2025 द्वारा औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु उक्त भूमि को उद्योग विभाग द्वारा आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार (आयडा), पटना को उपलब्ध करायी गयी साथ ही आयडा द्वारा औद्योगिक क्षेत्र के विकासोपरांत औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार अधिनियम 1974 की धारा 2 (f),3,4 (A) (i), 9 एवं अन्य सुसंगत नियमों के आलोक में विभाग द्वारा उक्त भूमि बियाडा को हस्तांतरित किये जाने का भी निर्णय लिया गया परन्तु आयडा द्वारा औद्योगिक क्षेत्र का विकास नहीं किये जाने के फलस्वरूप उक्त भूमि बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (बियाडा), पटना को हस्तांतरित की जाती है।

3. उक्त हस्तांतरण इस शर्त के साथ की जाती है कि जिस प्रयोजन हेतु भूमि दी जा रही है, उसमें उसकी उपयोगिता नहीं रहने पर भूमि स्वतः उद्योग विभाग को लौट जाएगी।

4. राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 636/रा० दिनांक–12.03.1991 एवं खास महाल मैनुअल के प्रावधानों तथा समय–समय पर निर्गत राजस्व विभागीय परिपत्रों से यह हस्तांतरण आच्छादित होगा।

5. उक्त प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

6. यह अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होगा।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
डॉ0 राज कुमार यादव,
सरकार के उप सचिव।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट (असाधारण) 1294-571+10-डी0टी0पी0।
Website: https://egazette.bihar.gov.in